## अध्ययन मण्डल प्रबंधन विषय की बैठक

अध्ययन मण्डल प्रबंधन विषय की बैठक आज दिनांक 22/06/19 दिन शुक्रवार को अपरान्ह 3.00 बजे, माध्यमिक परीक्षा एवं मूल्यांकन भवन के कक्ष क्रमांक 12 (प्रबंधन विभाग) में आयोजित हुई। बैठक में निम्नानुसार सदस्य उपस्थित रहे :-

(1) डॉ पुष्कर दुबे (अध्यक्ष)
सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष
प्रबंधन विभाग
पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छ.ग.

(2) प्रो (डॉ) ललित प्रकाश पटेरिया (सदस्य)
आचार्य
प्रबंधन अध्ययन विभाग
गुरूघासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छ.ग.

(3) प्रो (डॉ) सुधीर कुमार शर्मा
कुलसचिव
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर, छ.ग.

(4) डॉ एस. रूपेन्द्र राव
सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष
मनोविज्ञान विभाग
पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छ.ग.

### बैठक की कार्यसूची

(1) BBA पाठ्यक्रम के Programme structure में संशोधन तथा BBA पाठ्यक्रम (प्रथम वर्ष) में संशोधन पर विचार।

(2) BBA पाठ्यक्रम (प्रथम वर्ष) के Self learning material (SLM) के अनुमोदन।

Dr. Anita Singh
Incharge NAAC Criteria-I
PSSOU, CG Bilaspur

बैठक में लिए गए निर्णय :-

1. अध्यक्ष अध्ययन मंडल द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावित बी० बी० ए० प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम के Programme Structure पर विचार किया गया। विचारोपरांत प्रस्तावित संशोधन पर विचार कर पुनः टंकित Programme Structure का अनुमोदन किया गया।

2. बी० बी० ए० प्रथम वर्ष के पाठ्यक्रम के अनुसार तैयार किया गया Self Learning Material का भी अवलोकन किया गया। प्रस्तुत SLM का अनुमोदन किया गया।

अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त हुई।

[signature] 22/06/2019

S. R. Rao 22/6/19

[signature] 22.6.19

[signature] 22/6/19

[signature]
Dr. Anita Singh
Incharge NAAC Criteria-I
PSSOU, CG Bilaspur

पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़
कोनी–बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.)
दूरभाष : (07752) 240702, 240712, 240752

क्रं. 156 /अका./वि.प./बैठक/19, बिलासपुर, दिनांक 05/12/2019

## //अधिसूचना//

पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के विद्या परिषद् की 30 वीं आपात बैठक माननीय कुलपति की अध्यक्षता में दिनांक 05/12/2019, दिन गुरूवार पूर्वान्ह 11:00 बजे विश्वविद्यालय के 'सिरपुर प्रशासनिक भवन' के कुलपति कक्ष में आयोजित हुई।

बैठक में निम्नानुसार उपस्थिति रही :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | डॉ. बंश गोपाल सिंह<br>कुलपति<br>पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़<br>बिलासपुर | – | अध्यक्ष |
| 2. | डॉ. बी.एल. गोयल<br>क्षेत्रीय निदेशक<br>पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय<br>छत्तीसगढ, बिलासपुर | – | सदस्य |
| 3. | प्रो. बी. एन. तिवारी,<br>आचार्य,<br>जैव प्रौद्योगिकी विभाग<br>गुरु घासीदास विश्वविद्यालय,बिलासपुर<br>(विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् द्वारा नामांकित) | – | सदस्य |
| 4. | श्री संजीव कुमार लवानिया<br>अध्यक्ष, अध्ययन मंडल, समाजशास्त्र<br>पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय<br>छत्तीसगढ, बिलासपुर | – | सदस्य |
| 5. | डॉ. एस. रूपेन्द्र राव<br>अध्यक्ष, अध्ययन मंडल मनोविज्ञान विभाग<br>पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय<br>छत्तीसगढ, बिलासपुर | – | सदस्य |

6. **श्री रेशमलाल प्रधान** — सदस्य
अध्यक्ष, अध्ययन मंडल कम्प्यूटर साइंस
पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय
छत्तीसगढ, बिलासपुर

7. **डॉ. इंदु अनंत** — सचिव
कुलसचिव
पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय
छत्तीसगढ़, बिलासपुर

निम्न सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके –

1. आयुक्त — सदस्य
उच्च शिक्षा संचालनालय
नया रायपुर (छ.ग.)

2. **प्रो. संजय तिवारी,** — सदस्य
आचार्य, इलेक्ट्रानिकी विभाग
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय
रायपुर (छ.ग.)
(विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् द्वारा नामांकित)

3. **संचालक** — सदस्य
छत्तीसगढ़ राज्य हिन्दी ग्रंथ अकादमी,
रायपुर (छ.ग.)

4. डॉ. व्ही.व्ही. रेड्डी — सदस्य
कुलसचिव (SED),
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली
(कुलपति इग्नू द्वारा नामांकित)

5 **प्रो. तीर्थेश्वर सिंह** — सदस्य
आचार्य एवं अध्यक्ष,
अधिष्ठाता मानविकी, भाषाशास्त्र एवं जनजातीय अध्ययन
इन्दिरा गॉधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकण्टक
जिला–अनूपपुर (म.प्र.)
(विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् द्वारा नामांकित)

अध्यक्ष महोदय के द्वारा उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया तत्पश्चात् सचिव के द्वारा अध्यक्ष महोदय की अनुमति से निम्नानुसार प्रस्ताव विचार हेतु रख कर निर्णय लिया गया–

प्रस्ताव क्र. 01 विश्वविद्यालय विषयों के अध्ययन मंडलों की कार्यवाही–विवरण के अनुमोदन पर विचार।

निर्णय – विद्या परिषद् के द्वारा प्रस्ताव में रखे गए समस्त विषयों के अध्ययन मंडलों के कार्यवाही–विवरण का अनुमोदन किया गया।

प्रस्ताव क्र. 02 विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह के आयोजन, तिथि निर्धारण तथा अतिथियों के आमंत्रण पर विचार।

निर्णय – विश्वविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह दिनांक 21.01.2020 में दीक्षांत भाषण तथा मुख्य अतिथि के आमंत्रण हेतु माननीय कुलपति महोदय द्वारा प्रस्तावित पदमभूषण माननीय श्री चंडी प्रसाद भट्ट के नाम का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

**अध्यक्ष महोदय के अनुमति से रखे गये अन्य विषय।**

प्रस्ताव क्र. 03 मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग नई दिल्ली से 'ट्रांस्फर ऑफ क्रेडिट' संबंधी प्राप्त पत्र पर विचार।

निर्णय – प्राप्त पत्र पर विचार कर अंगीकृत किया गया तथा सर्वसम्मति से इसी सत्र (जनवरी से दिसंबर 2020) में इसे लागू किये जाने का निर्णय लिया गया। अध्ययन मण्डलों की संयुक्त बैठक में संलग्न सूची का अवलोकन कर जो पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिये उपयुक्त हैं, अध्ययन मण्डल उसकी अनुशंसा करेंगे जिसे अनुमोदित करने के लिये अध्यक्ष, विद्या परिषद् अधिकृत होंगे तथा कार्य परिषद् की आगामी बैठक में- इसका अनुमोदन प्राप्त किया जाये।

बैठक के अंत में अध्यक्ष के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुये बैठक समाप्त की गई।

5-12-19

(बंश गोपाल सिंह)
कुलपति / अध्यक्ष

(डॉ. इंदु अनंत)
कुलसचिव / सचिव

पृ. क्रं. 157 /अका. / वि.प. / बैठक / 19,

बिलासपुर, दिनांक 05 / 12 / 2019

प्रतिलिपि –

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति के सचिव, राजभवन, रायपुर (छ.ग.)
2. सम्मानीय सदस्यगण –

2.1 आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, खण्ड सी–3, नया रायपुर (छ.ग.)

2.2 संचालक, छ.ग. राज्य हिन्दी ग्रंथ अकादमी, रायपुर (छ.ग.)

2.3 डॉ. व्ही.व्ही. रेड्डी, कुलसचिव (SED), इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, मैदान गढ़ी, नई दिल्ली।

2.4 डॉ. बी.एन. तिवारी, आचार्य, बायोटेक्नालॉजी अध्ययनशाला, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.)

2.5 डॉ. संजय तिवारी, आचार्य, इलेक्ट्रानिकी अध्ययन शाला, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

2.6 प्रो. तीर्थेश्वर सिंह, आचार्य एवं अध्यक्ष, अधिष्ठाता मानविकी, भाषाशास्त्र एवं जनजातीय अध्ययन, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकण्टक, जिला अनूपपुर (म.प्र)

2.7 डॉ. बी.एल. गोयल, क्षेत्रीयं निदेशक, PSSOU

2.8 श्री संजीव कुमार लवानिया, सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष समाजशास्त्र विभाग, PSSOU

2.9 डॉ. एस.रूपेन्द्र राव, सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष मनोविज्ञान विभाग, PSSOU

2.10 श्री रेशमलाल प्रधान, सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर साइंस, PSSOU

की ओर सूचनार्थ।

3. प्रभारी, अकादमी विभाग। कार्यवाही–विवरण की प्रति संलग्न कर इस निर्देश के साथ प्रेषित कि विद्या परिषद् में लिये गये निर्णयों पर पालन–प्रतिवेदन शीघ्र अधोहस्ताक्षरकर्त्ता को प्रस्तुत करें।

4. नस्ती हेतु।

कुलसचिव

पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़
कोनी–बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.)
दूरभाष : (07752) 240702, 240712, 240752

क्रं. 264 /का.प./बैठक/19,  रायपुर, दिनांक 08/12/2019

## //अधिसूचना//

पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के कार्यपरिषद् की 88 वीं बैठक माननीय कुलपति की अध्यक्षता में दिनांक 08/12/2019, दिन रविवार, पूर्वान्ह 10:30 बजे विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र रायपुर में आयोजित हुई। बैठक में निम्नानुसार उपस्थिति रही –

1. **डॉ. बंश गोपाल सिंह** – अध्यक्ष
   कुलपति
   पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि  वविद्यालय छत्तीसगढ़
   बिलासपुर
2. **प्रो. जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव** – सदस्य
   आचार्य
   मानविकी अध्ययन विभाग
   इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय नई दिल्ली
   (कुलपति, इग्नू के द्वारा नामांकित)
3. **श्री एस.एल.नायक** – सदस्य
   **संयुक्त सचिव**
   छ.ग.शासन,
   पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
   नया रायपुर (छ.ग.)
4. **डॉ. अनिता सिंह** – सदस्य
   सहायक प्राध्यापक (शिक्षा विभाग)
   पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़
   (कुलपति जी द्वारा विश्वविद्यालय शैक्षणिक संकाय से मनोनीत)
5. **डॉ. इंदु अनंत** – सचिव
   कुलसचिव
   पंडित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) वि  वविद्यालय छत्तीसगढ़
   बिलासपुर

<u>निम्न सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हो सके –</u>

1. **श्री संतराम नेताम** – सदस्य
   उपाध्यक्ष
   बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण
   रायपुर

– सदस्य

2. **उपाध्यक्ष**
सरगुजा एवं उत्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण
रायपुर

– सदस्य

3. **श्रीमती राजलक्ष्मी सेलट**
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग
नवा रायपुर (छ.ग.)
(सचिव, छ.ग.शासन, उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा नामांकित)

– सदस्य

4. **सचिव**
छ.ग. शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग
अटल नगर, जिला रायपुर (छ.ग.)

– सदस्य

5. **संभागीय संयुक्त संचालक**
कोष लेखा एवं पेंशन, बिलासपुर
(सचिव, छ.ग. शासन, वित्त विभाग के द्वारा नामांकित)

गणपूर्ति के अभाव में कार्यपरिषद् की बैठक स्थगित की गई तथा आधे घंटे के बाद स्थगित बैठक 11:00 बजे से अध्यक्ष महोदय के द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों के स्वागत के साथ प्रारंभ हुई। बैठक में प्रस्तुत प्रस्तावों पर निम्नानुसार निर्णय लिये गये –

**प्रस्ताव क्र.1** विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की 86वीं एवं 87वीं आपात बैठक की कार्यवाही–विवरण की सम्पुष्टि प्रदान करना एवं पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण करने पर विचार।

**निर्णय –** सम्पुष्टि के लिए सूचना ग्रहण की गई। पालन प्रतिवेदन पर संतोष व्यक्त किया गया।

**प्रस्ताव क्र.2** विश्वविद्यालय मुख्यालय तथा क्षेत्रीय केन्द्रों में कार्यरत मानसेवी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य करने की अनुमति की कार्यविधि समाप्त होने पर कार्य की व्यवस्था पर विचार।

**निर्णय –** प्रदेश में नगरीय निकाय चुनाव होने के कारण आचार सहिता लागू है। इसलिए कोई नियुक्ति आदेश नही की जाए। विश्वविद्यालय की कार्यव्यवस्था और आवश्यकता को

देखते हुए विभाग प्रमुख के प्रस्ताव पर स्वीकृति देकर किये गये कार्यदिवसों का भूगतान किया जाय।

**कार्यवाही – स्थापना/प्रशासन**

**प्रस्ताव क्र.3** प्रो. मलय कुमार बैनर्जी पूर्व निदेशक NIFFT रांची के संबंध में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली से प्राप्त पत्र पर विचार।

**निर्णय –** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पत्र को संज्ञान में लिया गया। तदनुसार पं सुन्दरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ में किसी तरह के अकादमीक/प्रशासकीय कार्यों में उपरोक्त आदेश के परिपालन में संबंधित से कार्य नहीं लिये जाने का निर्णय लिया गया।

**कार्यवाही– अकादमी विभाग**

**प्रस्ताव क्र.4** विद्या परिषद् में नये सदस्य के मनोनयन के प्रस्ताव पर विचार।

**निर्णय –** डॉ अनिता सिंह सहायक प्राध्यापक शिक्षा को नामांकित किया गया।

**कार्यवाही–अकादमी विभाग**

**प्रस्ताव क्र.5** पुराने पीएच. डी. प्रकरण पर कार्यपरिषद् की 87 वीं आपात बैठक में हुए विचार निर्णय एवं निर्णय के पश्चात् कृत कार्यवही का अवलोकन विचार एवं निर्देश।

**निर्णय –** राजभवन को पत्र लिखा जाए जिसकी प्रतिलिपि राज्य शासन को दिया जाए। पुराने पीएच.डी के प्रकरण के संबंध में पूर्व पत्र के तारतम्य में स्मरण कराते हुए अन्यथा कोई निर्णय हो तो विश्वविद्यालय को अवगत करानें के लिए निवेदन कर लिया जाय।

**कार्यवाही–स्थापना/प्रशासन**

**प्रस्ताव क्र.6** विश्वविद्यालय में संचालित पी.जी. डिप्लोमा इन होटल मैनेजमेंट पाठ्यक्रम को यू.जी. सी. के जन सूचना के आधार पर बंद करने पर विचार।

**निर्णय –** प्रस्ताव मान्य किया गया।

**कार्यवाही– प्रवेश/परीक्षा विभाग**

<u>पूरक प्रस्ताव पर निर्णय–</u>

**प्रस्ताव क्र.7** विद्या परिषद् की 30 वी आपात बैठक दिनांक 05/12/2019 के कार्यवाही विवरण के अनुमोदन पर विचार।

**निर्णय –** कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया।

**कार्यवाही– अकादमी विभाग**

**प्रस्ताव क्र.8** सत्रांत परीक्षा सत्र 2018–19 में प्राध्यापकों के द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन देयक भूगतान विशयक।

**निर्णय –** प्रस्ताव स्वीकृत किया गया।

**कार्यवाही– वित्त विभाग**

**प्रस्ताव क्र.9** विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बी.एड. पाठ्यक्रम (सत्र 2019–20) हेतु 09 अध्ययन केन्द्रों को अग्रिम राशि भुगतान किये जाने पर विचार ।

**निर्णय –** प्रस्ताव स्वीकृत किया गया।

**कार्यवाही– वित्त विभाग**

**प्रस्ताव क्र.10** विश्वविद्यालय द्वारा संचालित डी.एल.एड. पाठ्यक्रम (सत्र 2019–20) हेतु 10 अध्ययन केन्द्रों को अग्रिम राशि भुगतान किये जाने पर विचार ।

**निर्णय –** प्रस्ताव स्वीकृत किया गया। भेजी गई राशि एक ही चार्ट में बनाकर कुल राशि भेजी जाय जिससे कोई त्रुटि संभव न हो।

**कार्यवाही– वित्त विभाग**

**प्रस्ताव क्र.11** विश्वविद्यालय के सत्रांत परीक्षा दिसंबर 2019 हेतु केन्द्रों को अग्रिम राशि की स्वीकृति पर विचार।

**निर्णय –** प्रस्ताव स्वीकृत किया गया।

**कार्यवाही– वित्त विभाग**

**प्रस्ताव क्र.12** अध्ययन केन्द्र संचालन हेतु निर्धारित छात्र संख्या से कम छात्र संख्या वाले अध्ययन केन्द्रों पर विचार।

**निर्णय –** प्रस्ताव स्वीकृत करते हुए विद्यार्थीयों को उनके विकल्प के आधार पर स्थानतरित किया जाए।

**कार्यवाही– क्षेत्रीय सेवा प्रभाग**

**प्रस्ताव क्र.13** विश्वविद्यालय में संचालित समस्त पाठ्यक्रमों में जनवरी से दिसंबर 2020 के लिये ऑनलाईन प्रवेश प्रारंभ की सूचना का विज्ञापन FM रेडियो द्वारा कराए जाने पर विचार।

**निर्णय –** राज्य निर्वाचन आयोग से अनापत्ति प्राप्त कर संवाद के माध्यम से कार्य कराया जाए।

**कार्यवाही– वित्त विभाग**

अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित करने के साथ बैठक समाप्त हुई।

**(बंश गोपाल सिंह)**
**कुलपति / अध्यक्ष**

**(इंदु अनंत)**
**कुलसचिव / सचिव**

कार्यपरिषद् सदस्य

1. प्रो. जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव

2. श्री एस.एल.नायक

3. डॉ. अनिता सिंह

पृ. क्रं. 265 / का.प. / बैठक / 19,

बिलासपुर, दिनांक 08/ 12 / 2019

प्रतिलिपि –

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति के सचिव, राजभवन, रायपुर (छ.ग.)
2. निज सचिव, कुलपति को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. सम्मानीय सदस्यगण –

3.1 प्रो. जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, आचार्य, मानविकी अध्ययन विभाग, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय मैदान गढ़ी, नई दिल्ली।

3.2 श्री संतराम नेताम, उपाध्यक्ष, बस्तर एवं दक्षिण क्षेत्र आदिवासी प्राधिकरण, हर्रा पड़ाव नगर, पंचायत केशकाल, जिला कोंडागांव (मो. नं. 8959966666)

3.3 उपाध्यक्ष, सरगुजा एवं उत्तर क्षेत्र आदिवासी प्राधिकरण, आयुक्त कार्यालय परिसर, संभाग सरगुजा, अंबिकापुर।

3.4 संभागीय संयुक्त संचालक, कोश लेखा एवं पेंशन, बिलासपुर, सचिव, छ.ग. शासन, वित्त विभाग के द्वारा नामांकित।

3.5 श्रीमती राजलक्ष्मी सेलट, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, अटल नगर, नवा रायपुर।

3.6 सचिव, छ.ग. शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, मंत्रालय, नवा रायपुर

3.7 सचिव, छ.ग. शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मंत्रालय, नवा रायपुर

3.8 डॉ. अनिता सिंह, सहायक प्राध्यापक (शिक्षा विभाग), पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर।

की ओर कार्यवाही–विवरण आपके अवलोकन एवं बहुमूल्य सम्मति हेतु प्रेषित है।

4. निज सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव के सूचनार्थ।
5. वित्त अधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
6. संबंधित विभाग प्रमुखों ........................................................ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि कार्य परिषद् में लिये गये निर्णयों पर विभागीय कार्यवाही नियमानुसार पूर्ण कर पालन–प्रतिवेदन शीघ्र अधोहस्ताक्षरकर्ता को अनिवार्यतः प्रस्तुत करें।
7. नस्ती हेतु।

कुलसचिव